:=!!

समग्र शिक्षा अभियान
(सेकेण्डरी ऐज्यूकेशन)
लोक शिक्षण संचालनालय,परिसर, गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः 91–0755–2600124 फेक्सः 91–0755–2583651

क्रमांक/समग्र/2025-26/3494 भोपाल, दिनांक 26/09/2025

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी,
सभी जिले, मध्यप्रदेश

विषय: समग्र शिक्षा अंतर्गत EQIP-LEP लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न गतिविधियों के संबंध में।

---00---

1. समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में EQIP-LEP लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम का क्रियान्वयन कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए चयनित शालाओं में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार, शिक्षकों की क्षमता निर्माण, तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।
2. **EQIP-LEP** कार्यक्रम के उद्देश्य -
   - 2.1. कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की संज्ञानात्मक क्षमताओं का मूल्यांकन।
   - 2.2. गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, बायोलॉजी, कॉमर्स एवं आर्ट्स में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना।
   - 2.3. शिक्षकों को नवाचार आधारित शैक्षिक पद्धतियों में प्रशिक्षित करना।
   - 2.4. विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु जीवन-कौशल, STEAM शिक्षा एवं अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) को बढ़ावा देना।
   - 2.5. उत्कृष्ट विद्यार्थियों व विद्यालयों को राज्य स्तर पर पहचान और प्रोत्साहन देना।
3. कार्यक्रम का क्रियान्वयन -
   - 3.1. EQIP-LEP कार्यक्रम के अंतर्गत मूल्यांकन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की आधारभूत एवं कक्षा-स्तरीय शैक्षिक क्षमताओं का मूल्यांकन करना है। यह मूल्यांकन शिक्षण में सुधार, विद्यार्थियों की लर्निंग स्किल्स की पहचान तथा उपयुक्त शैक्षिक योजना निर्माण हेतु किया जाएगा। सभी जिलों के चयनित विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों का LEP मूल्यांकन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। चयनित विद्यालयों की सूची तथा कक्षा वार विद्यार्थियों की संख्या (जिनका मूल्याँकन किया जाना है) वेबसाइट www.eqip.org.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।
   - 3.2. EQIP-LEP कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जिसका उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों की लर्निंग स्किल्स से अवगत कराना तथा प्रभावी रेमेडियल शिक्षण पद्धतियों एवं AI टूल्स के उपयोग में दक्ष बनाना है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को, नवाचार आधारित शिक्षण, विद्यार्थियों की प्रगति की निगरानी, तथा AI की सहायता से व्यक्तिगत एवं समूह आधारित अधिगम का अनुभव कराने में सक्षम बनाएगा। यह प्रशिक्षण ज़िला स्तर पर 13-17 अक्टूबर 2025 एवं नवम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।
   - 3.3. विद्यालय प्रमुख/प्राचार्य अथवा नामित प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी नामांकित विद्यार्थी निर्धारित अनुपात में गतिविधियों एवं मूल्यांकन में सम्मिलित हों, जिससे कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।

Scanned with OKEN Scanner

3.4. सभी जिलों के चयनित विद्यालयों से कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक विद्यालय से 1 शिक्षक का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण हेतु नामांकित किया जाएगा। चयनित शिक्षक किसी भी विषय के हो सकते हैं परन्तु गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाए। नामांकित शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सभी निर्धारित प्रशिक्षण सत्रों एवं अन्य गतिविधियों में नियमित, समयबद्ध एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

3.5. कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियाँ कैलेंडर (संलग्नक-2) के अनुसार संचालित की जाएँगी। लर्निंग शेड्यूल्स एवं संचालन संबंधी निर्देश विद्यालयों को पृथक रूप से उपलब्ध कराए जाएँगे।

4. कार्यक्रम के आंकलन के उपरांत अपेक्षित परिणाम -

4.1. मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे, जिससे उनकी उपलब्धियों को मान्यता मिले।

4.2. राज्य एवं जिला स्तर पर चयनित टॉपर्स के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। इस भ्रमण में विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों का अवलोकन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

4.3. विद्यालयों एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया जाएगा।

अतः सभी विद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस कार्यक्रम को प्राथमिकता दें एवं इसे सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

किसी भी प्रकार की शंका अथवा अतिरिक्त जानकारी हेतु ईमेल द्वारा संपर्क करें:
support@eqip.org.in

**संलग्न** – 1. परिशिष्ट -1(गतिविधि विवरण )
2. परिशिष्ट -2(गतिविधि कैलेंडर )

**(मनीषा सेंतिया)**
अपर परियोजना संचालक
समग्र शिक्षा (सेकेंडरी एजुकेशन)
लोक शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक/समग्र/2025-26/3495 भोपाल, दिनांक 26/09/2025
प्रतिलिपि-

1- निज सहायक माननीय मंत्री जी, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मध्य प्रदेश।
2- सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग।
3- आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. ।
4- आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, भोपाल।
5- संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र एवं राज्य परियोजना संचालक, समग्र शिक्षा।
6- CGM, EdCIL (India) Ltd., नई दिल्ली।
7- समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्य प्रदेश।
8- सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग (संबंधित जिले)
9- प्राचार्य, सभी DIET
10- जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र (सभी जिले)

अपर परियोजना संचालक

Scanned with OKEN Scanner

## गतिविधि विवरण

| विवरण | जानकारी |
|---|---|
| मूल्यांकन गतिविधि हेतुः | 1. प्रत्येक चयनित विद्यालय से कुल 120 छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा यथासंभव कक्षा 9वीं से 12वीं में 50-50 छात्रों का चयन विद्यालय प्रमुख यथा प्राचार्य अथवा प्रधानाध्यापक द्वारा किया जाए।<br>2. चयनित विद्यालयों की सूची जिलावार विवरण के साथ वेवसाइट www.eqip.org.in पर उपलब्ध होगी।<br>3. EQIP-LEP मूल्यांकन दिनांक 29 अक्टूबर 2025, प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।<br>4. प्रश्न पत्र एवं OMR उत्तर पत्रक परीक्षा तिथि से पूर्व संबंधित विद्यालयों में भेज दिए जाएंगे।<br>5. EQIP-LEP मूल्यांकन बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) पर आधारित होगा।<br>6. विषयः-गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी, बायोलॉजी, वाणिज्य और आर्टस<br>7. परीक्षा का समयः 120 मिनट माध्यमः हिंदी व अंग्रेज़ी कुल प्रश्नः 75<br>8. मूल्यांकन के परिणाम नवंबर 2025 में घोषित किए जाएंगे। |
| शिक्षक प्रशिक्षण गतिविधि हेतुः | 1. शिक्षक प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षक अधिकारी/ज़िला परियोजना समन्वयक द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं के शिक्षकों का नामांकन किया जाएगा।<br>2. प्रशिक्षण सत्र ऑफलाइन/ऑनलाइन मोड में निर्धारित केन्द्रों अथवा नोडल विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।<br>3. स्तृत प्रशिक्षण कैलेंडर जिला अधिकारियों/ सम्बंधित केन्द्रों के साथ साझा किया जाएगा एवं www.eqip.org.in पर भी उपलब्ध होगा।<br>4. डिजिटल प्रशिक्षण/ट्रेनिंग सुविधा से युक्त विद्यालय चाहें तो प्रशिक्षण सत्रों में ऑनलाइन माध्यम से अपने विद्यालय परिसर से भाग ले सकते हैं। |
| विद्यार्थियो के लिए वेविनार/कार्यशाला गतिविधि हेतुः | 1. कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों के लिए ऑनलाइन कार्यशालाएँ/वेबिनार विद्यालयीन समय के दौरान आयोजित की जाएंगी।<br>2. सभी कार्यशालाएँ www.eqip.org.in के Activity Dashboard पर आयोजित की जाएंगी, जहाँ विद्यालय अपने UDISE कोड के माध्यम से लॉगिन कर कक्षा गतिविधि के रूप में भाग ले सकते हैं।<br>3. कार्यशालाओं/सेमिनारों की तिथियों से संबंधित जानकारी पूर्व में साझा की जाएगी।<br>4. चयनित विद्यालयों को www.eqip.org.in पर Activity Dashboard में लॉगिन करना आवश्यक है।<br>5. विस्तृत EQIP-LEP गतिविधि कैलेंडर, विद्यालय लॉगिन क्रेडेंशियल्स एवं संचालन से संबंधित अन्य निर्देश पृथक रूप से विद्यालयों को उपयुक्त माध्यमों से भेजे जाएंगे। |

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट-2

## गतिविधि कैलेंडर (कक्षा 9–12) EQIP-LEP कार्यक्रम, मध्य प्रदेश

| क्र. सं. | गतिविधि | अनुमानित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षक प्रशिक्षण (AI) – बैच 1 (26 जिले)- प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण | 13–17 अक्टूबर 2025 |
| 2 | EQIP-LEP बेसलाइन मूल्यांकन (कक्षा 9–12 के सभी चयनित विद्यार्थियों के लिए बेसलाइन परीक्षण) | 29 अक्टूबर 2025 |
| 3 | मूल्यांकन परिणाम घोषणा | 08 नवंबर 2025 |
| 4 | शिक्षक प्रशिक्षण (AI) – बैच 2 (26 जिले) - प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण | नवंबर 2025 का प्रथम सप्ताह |
| 5 | विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट (डाटा सहित रिपोर्ट विद्यालयों एवं अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी) | 10 नवम्बर 2025 |
| 6 | समीक्षा हेतु उपचारात्मक सामग्री (शिक्षकों के साथ फीडबैक एवं समीक्षा प्रक्रिया) | 10 नवम्बर 2025 |
| 7 | विद्यार्थियों को उपचारात्मक सामग्री का वितरण | नवम्बर 2025 का अंतिम सप्ताह |
| 8 | एंड-लाइन मूल्यांकन (उपचारात्मक हस्तक्षेप के बाद सीखने में सुधार को मापना) | दिसम्बर 2025 का अंतिम सप्ताह |
| 9 | अंतिम रिपोर्ट (एंड-लाइन मूल्यांकन के बाद अंतिम निष्कर्ष एवं अनुशंसाएँ) | 10 जनवरी 2026 |
| 10 | विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण | 10–15 जनवरी 2026 |

Scanned with OKEN Scanner